मोदी तीन साल: रघुवार दास बोले, देश सबसे सुरक्षित हाथों में है

विशेष संवाददाता, रांची

Last updated: 26 मई, 2017 3:21 PM

मोदी सरकार के तीन साल पूरे होने पर भाजपा शासित राज्यों में जश्न मनाये जा रहे हैं। झारखंड में भी पार्टी और भाजपानीत सरकार उत्सव मना रही है। मुख्यमंत्री रघुवर दास ने उत्सव का आगाज मोदी सरकार की तीन साल की उपलब्धियां गिनाकर किया। झारखंड मंत्रालय के सभागार में शुक्रवार को पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार के तीन साल के कामकाज, योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से बताया।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक नेता बन चुके हैं। यह देश के लिए गर्व की बात है। देश की जनता को विश्वास है कि उनके हाथों देश सुरक्षित है। रघुवर दास ने राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही अब तक सफलतम सरकार

और उसकी गौरवमयी उपलब्धियों के तीन साल पूरे होने पर बधाइयां भी दी।
केंद्र सरकार की उपलब्धियों का गुणगान अगले एक पखवाड़े तक चलेगा। केंद्र से मंत्री आएंगे। दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री जगह-जगह घूमेंगे और केंद्र की योजनाओं-कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जानकारी देंगे। राज्य के मंत्री-विधायक और सांसद भी गांव-गांव जाएंगे। सरकार की उपलब्धियां बताएंगे और दलितों के घर खाना खाएंगे। साथ-साथ राज्य सरकार के कामकाज और योजनाओं की जानकारी देंगे। देश तभी समृद्ध और मजबूत बनेगा, जब झारखंड जैसे राज्य तरक्की करेंगे।
आर्थिक और सामरिक क्षेत्र में देश की समृद्धि का दावा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन साल में मोदी सरकार में जनता का विश्वास बढ़ा। देश का मान-सम्मान बढ़ा और आज सुरक्षित हाथों में है। आर्थिक क्षेत्र में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। अमेरिका और चीन की अर्थव्यवस्था से आगे निकलने की दिशा में है। सबसे बड़ी बात है कि मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। केंद्र की सरकार भ्रष्टाचारविहीन सरकार है,यह अब विपक्षी भी मानने लगे हैं। वहीं पिछली सरकार के दस साल के कार्यकाल में 12 लाख करोड़ के घोटाले हुए थे।

गिनायीं मोदी सरकार की उपलब्धियां

सबका साथ, सबका विकास का नारा जमीन पर उतारा
-महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण पर जोर
-दलितों,शोषितों को एलपीजी गैस कनेक्शन
-गरीबों को 2022 तक आवास, कोई घरविहीन न रहे
-दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत करोड़ों गरीबों को रोजगार
-एक देश-एक बाजार- एक कर, जीएसटी कानून लागू
-28 करोड़ गरीबों को जन-धन योजना के तहत बैंक खाता
-आपूर्ति की नई व्यवस्था, डिजिटल इंडिया की ओर देश
-कौशल विकास, कुशल पास, स्टार्ट अप के लिए 500 करोड़
-स्वरोजगार और रोजगार सृजन की दिशा में निरंतर आगे
-अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जनजाति, जाति के लिए योजनाएं
-एससी के लिए 52 हजार करोड़ व एसटी के लिए 32 हजार करोड़
-अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए स्वरोजगार के लिए नई रौशनी योजना

Hindi News (http://www.livehindustan.com)से जुडी अन्य ख़बरों की जानकारी के लिए हमें फेसबुक (https://facebook.com/LiveHindustanNews/) पर ज्वाइन करें और ट्विटर (https://twitter.com/live_hindustan) पर फॉलो करें

Web Title: Country is in the most secure hands: Raghuvar Das

Jharkhand (/search/Jharkhand/1) | Ranchi (/search/Ranchi/1) | Desh (/search/Desh/1) | Modi (/search/Modi/1) | Global leader (/search/Global-leader/1) | Raghuvar Das (/search/Raghuvar-Das/1)

लोकप्रिय ख़बरे (/national/news)

(/career/story-cbse-class-12-board-results-2017-class-12th-results-2017-result-declare-on-28-may-